संख्या-35/2018/1462/60-3-2018-107(सा)/17

प्रेषक,

सुभाष चन्द्र,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
महिला कल्याण,
उ0प्र0 लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-3 दिनांक : लखनऊ : 29 अगस्त, 2018

विषय-महिला कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति उ0प्र0 डी0बी0टी0 पोर्टल पर मासिक रूप से अपडेट किये जाने हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग के पत्र संख्या-19/7-294/ज0नि0प्र0/2017, दिनांक 10.08.2018 तथा विशेष सचिव, नियोजन के पत्र संख्या-18/7-288/ज0नि0प्र0/2017, दिनांक 13.08.2018 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिनके द्वारा सूचित किया गया है कि डी0बी0टी0 योजनाओं से संबंधित सूचना भारत सरकार के डी0बी0टी0 भारत पोर्टल में अंकित किये जाने हेतु उ0प्र0 डी0बी0टी0 पोर्टल (http://dbtup.upsdc.gov.in) का निर्माण किया गया है। वर्तमान में प्रदेश के 25 विभागों के 122 डी0बी0टी0 योजनाओं (विभागवार योजना संलग्न) को उ0प्र0 डी0बी0टी0 पोर्टल में ऑनबोर्ड किया जा चुका है, जिनकी प्रगति मासिक रूप से उ0प्र0 डी0बी0टी0 पोर्टल पर प्रत्येक माह की 10 तारीख तक अपडेट किये जाने हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 डी0बी0टी0 पोर्टल में ऑनबोर्ड की जा चुकी महिला कल्याण विभाग की 08 योजनाओं की प्रगति मासिक रूप से उ0प्र0 डी0बी0टी0 पोर्टल पर प्रत्येक माह की 10 तारीख तक अपडेट किये जाने के प्रयोजन हेतु श्रीमती आरती श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक को पदेन रूप से नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

भवदीय,

(सुभाष चन्द्र)
उप सचिव।

संख्या-1462 (1)/60-3-2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- श्रीमती आरती श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0।
3- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुभाष चन्द्र)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in